आकाशवाणी गोरखपुर
प्रादेशिक समाचार

दिनांक–19 जुलाई 2025 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार से लखनऊ को जोड़ने वाली तीन ट्रेनों सहित चार अमृत भारत ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी, उद्घाटन के बाद मोतिहारी से आनंद बिहार के लिए रवाना हुई अमृत भारत ट्रेन का प्रदेश के कुशीनगर और बस्ती जिले में हुआ भव्य स्वागत।
- बिहार के मोतिहारी में जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री ने सीतामढ़ी से अयोध्या तक विकसित की जा रही रेल लाइन की भी चर्चा की, कहा–चंपारण के श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन के लिए जाने में सक्षम बनाएगी नई रेल लाइन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का वाराणसी में किया उद्घाटन, कहा–सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हो रहा है जनजातीय समुदाय।
- वाराणसी में आज से शुरू हो रहा है युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन, केन्द्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया, गजेन्द्र सिंह शेखावत और डॉ. वीरेंद्र कुमार होंगे शामिल।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल बिहार से लखनऊ को जोड़ने वाली तीन ट्रेनों सहित चार अमृत भारत ट्रेनों और कई रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया। श्री मोदी ने क्षेत्र में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना से नई दिल्ली, बापूधाम मोतिहारी से दिल्ली, दरभंगा से लखनऊ और मालदा टाउन से लखनऊ के बीच चार नई अमृत भारत ट्रेनों को झंडी दिखाई। इस अवसर पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इन ट्रेनों से यात्रा सुविधा में काफी सुधार होगा।

***देश के अलग–अलग रूट पर अमृत भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई गई है। मोतिहारी बापूधाम से दिल्ली आनंद विहार तक भी अब सीधे अमृत भारत एक्सप्रेस चलेगी। दरभंगा नरकटियागंज रेल लाइन का दोहरीकरण होने से यह रूट पर यात्रियों को बहुत सुविधा हो जाएगी।***

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बिहार और उत्तर प्रदेश को जोड़ने वाले राम जानकी पथ का भी उल्लेख किया।

प्रधानमंत्री ने सीतामढ़ी से अयोध्या तक विकसित की जा रही नई रेल लाइन की भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह चंपारण के श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए अयोध्या जाने में सक्षम बनाएगी।

***राम जानकी पथ मोतिहारी के सत्तरघाट केसरिया चकिया, मधुबन से होकर गुजरने वाला है। सीतामढ़ी से अयोध्या तक जो नई रेलवे लाइन तैयार हो रही है उससे श्रद्धालु चंपारण से अयोध्या जाकर दर्शन कर सकेंगे।***

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कल हरी झंडी दिखा कर रवाना की गई मोतिहारी से चल कर आनंद बिहार जाने वाली ट्रेन का उत्तर प्रदेश में भी कई स्थानों पर भव्य स्वागत किया गया। बस्ती रेलवे स्टेशन पर विधायक महेंद्र नाथ यादव सहित कई स्थानीय गणमान्य लोगों ने कल इस ट्रेन का स्वागत किया और प्रधानमंत्री के प्रति आभार जताया। इससे पहले कुशीनगर जिले के कप्तानगंज रेलवे स्टेशन पर भी इस ट्रेन का स्थानीय सांसद विजय कुमार दूबे की अगुवाई में स्वागत किया गया।

**********

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां गति पकड़ने लगी हैं। इसी क्रम में कल से प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों के आंशिक परिसीमन के साथ ही मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया शुरू हो गयी। वार्ड परिसीमन की अंतिम सूची जारी हो जाने के बाद बारह अगस्त तक इसकी प्रति निदेशक पंचायती राज को उपलब्ध कराने के निर्देश शासन ने दिए हैं। पंद्रह जनवरी दो हजार छब्बीस को सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। इससे पहले जिला निर्वाचन अधिकारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण भी कराया जा चुका है।

**********

सावन के दूसरे सोमवार को देखते हुए कांवड़ियों की सुविधा के लिये प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रशासन की ओर से विशेष इंतजाम किये जा रहे हैं। कई जिलों में यातायात व्यवस्था बदली गयी है। कुछ हाइवे और प्रमुख मार्गों पर भारी वाहनों का प्रवेश सोमवार की देर शाम तक के लिये रोक दिया गया है, साथ ही प्रमुख शिव मंदिरों को जाने वाली सड़कों पर से वाहनों का रूट बदला गया है। कांवड़ यात्रा और शिवरात्रि के लिए गोरखपुर– लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग के अयोध्या सीमा से बाबा भद्रेश्वरनाथ मंदिर तक के हिस्से को आज सुबह आठ बजे से चौबीस जुलाई तक बंद करने का फैसला लिया गया है। मेरठ में ट्रैफिक डायवर्जन लागू कर दिया गया है, जिसके तहत गाजियाबाद से उत्तराखण्ड, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर या बिजनौर जाने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट कर संचालित किया जा रहा है। अमरोहा में कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ के मद्देनजर चांदपुर मार्ग को वाहनों के लिए पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। यह डायवर्जन तेइस जुलाई महाशिवरात्रि की रात आठ बजे तक लागू रहेगा। गोरखपुर में कल सुबह से लेकर सोमवार की रात दस बजे तक यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने दो दिवसीय वाराणसी दौरे के दूसरे दिन कल वसंत महिला महाविद्यालय में जनजातीय गौरव बिरसा मुंडा पर आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पंद्रह नवंबर

को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित करने की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने जनजातीय समाज के मन में विश्वास पैदा किया है।

***मुझे प्रसन्नता है कि डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में उन्हें सिचुएशन के लक्ष्य तक पहुंचा करके मकान सबके लिए अनिवार्य है। जमीन के पट्टे सबके लिए अनिवार्य पेंशन की सुविधा पात्रता के अनुसार सबके लिए अनिवार्य है। ये सभी सुविधाओं से नियुक्त करने का काम किया। आपके सोनभद्र में, मिर्जापुर में, चंदौली में गौड़ जाति हो, बुक्सा हो, चरो हो। जितने भी ये जनजातियां हैं इन सभी को हम लोगों ने इन सभी सुविधाओं से आच्छादित करने का काम किया है।***

**********

स्वच्छता सर्वेक्षण–दो हजार चौबीस–पचीस के लिये विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर रैंकिंग हासिल करने के बाद लखनऊ और गोरखपुर नगर निगम के महापौर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमण्डल ने कल मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ से मुलाकात की और अपनी उपलब्धियों को साझा किया। लखनऊ नगर निगम को शुभकामनाएं देते हुए श्री मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा है कि लखनऊ को दस लाख से अधिक आबादी की श्रेणी में मिला तृतीय पुरस्कार नगर निगम की सुव्यवस्था, स्वच्छाग्राहियों के सतत समर्पण, प्रशासन की प्रतिबद्धता और नागरिकों की सक्रिय सहभागिता का प्रतिफल है। वहीं एक अन्य संदेश में मुख्यमंत्री ने गोरखपुर नगर निगम को बधाई देते हुए कहा कि गोरखपुर को सफाई मित्र सुरक्षित शहर की श्रेणी में तृतीय स्थान, तीन लाख से दस लाख की आबादी की श्रेणी में पूरे देश में सफाई पर चतुर्थ स्थान और गारबेज फ्री सिटीज की श्रेणी में मिली फाइव स्टार रेटिंग जनपदवासियों की सहभागिता और नगर निगम की प्रतिबद्धता का परिणाम है।

**********

केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय आज से वाराणसी में विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा विषय पर दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन आयोजित कर रहा है। इस सम्मेलन में केन्द्रीय मंत्री डॉ मनसुख मांडविया और गजेन्द्र सिंह शेखावत सहित कई अन्य मंत्री और देश भर के सौ आध्यात्मिक तथा सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों के पांच सौ से अधिक युवा प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं।

**********

प्रसार भारती के डिजिटल प्लेटफॉर्म वेव्स ओटीटी ने कल नई दिल्ली स्थित आकाशवाणी भवन में अपनी फीचर फिल्म, डेला बेला बदलेगी कहानी का भव्य प्रीमियर आयोजित किया। इस अवसर पर प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने कहा कि वेव्स ओटीटी भारत का एकमात्र सार्वजनिक सेवा स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म है जो विरासत को डिजिटल नवाचार के साथ जोड़ता है।

***वेव्स ओटीटी दुनिया का एक अलग से ओटीटी है जिसमें कि आपको मनोरंजन मिलेगा। देश के सभी न्यूज चैनल आपको मिलेंगे। इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आपको रेडियों के हमारे सारे स्टेंशन मिलेंगे। इस पर ऑनलाइन शॉपिंग की भी सुविधा है और सबसे बडी बात है कि यह बिलकुल फ्री है निःशुल्क है आप फ्री डाउनलोड कर सकते हैं, फ्री देख सकते हैं।***

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कल से बाईस जुलाई तक कहीं कहीं भारी बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी दी है। विभाग के अनुसार इक्कीस जुलाई को पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी कहीं कहीं यही स्थिति रहेगी। इस बीच, प्रदेश में रुक रुक कर बारिश का सिलसिला जारी है। इसकी वजह से प्रदेश की कई नदियों का जल स्तर बढ़ रहा है।

**********